हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 28.2 डिग्री

14 दशहरा ग्राउंड में बनेगा फुटपाथ, विज ने 50 लाख रुपये देने का किया ऐलान



14 बढ़ता प्रदूषण, घटती हरियाली इंसानी जीवन के लिए बनी चुनौती : गोयल



## खबर संक्षेप

### कैंटर की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**यमुनानगर।** व्यासपुर के आजात आश्रम के पास सड़क क्रॉस करते समय कैंटर की टक्कर लगने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव धर्मकोट निवासी अवनीश कुमार ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी मां 74 वर्षीय उषा रानी 29 जुलाई को आजात आश्रम के पास किसी काम से आई थी। शाम को करीब छह बजे जब वह सड़क क्रॉस करने लगी तो तेज गति से आ रहे कैंटर चालक व्यासपुर निवासी हर्षदीप ने उसकी माता को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी माता गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने उसकी माता को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### साइबर ठग ने व्यक्ति से ठगे 4.96 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठग ने बैंक अधिकारी बन गांव कांजनू निवासी रविंदर पाल के मोबाइल पर ऐप डाउनलोड करवा कर उससे 4.96 लाख रुपये ठग लिए। जब रविंदर पाल को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रविंदर पाल ने बताया कि 26 जुलाई को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक का अधिकारी बताया। आरोपी ने उसे एक ऐप डाउनलोड करने को कहा। इसके बाद उसके अकाउंट से अलग-अलग करके 4.96 लाख निकाल लिए।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता हरजिंद्र सिंह ने 27 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 26 मई 2026 को अंबाला चौक नारायणगढ़ से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है।

### धमकी देने के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक रोहित कुमार ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता कुलदीप सिंह ने 27 जुलाई शिकायत दी थी कि 26 जुलाई 2026 को गांव सम्भालखा में आरोपी महीपाल, आकाश, सम्राट व अन्य ने उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

## 20 हजार पौधों से विकसित होगा मियावाकी वन, घरौंडा क्षेत्र को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

# मुख्यमंत्री संग 800 छात्रों ने रोपे पौधे, हरियाली का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल/घरौंडा

सावन माह के प्रथम दिन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों से प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति "एक लोटा जल भगवान शिव के नाम और एक पौधा आने वाली पीढ़ी के नाम" अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी भी है। मुख्यमंत्री करनाल के कुटेल स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं वन्य प्राणी मंत्री राव नरबीर सिंह ने की, जबकि विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्यमंत्री ने 800 स्कूली विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया और सभी को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाने व उनकी देखभाल करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में मियावाकी पद्धति से 20 हजार पौधों का रोपण किया गया। मुख्यमंत्री ने वन विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया, हरियाणा फॉरेस्ट न्यूज और धार्मिक वृक्षारोपण पुस्तिकाओं का विमोचन किया तथा पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान शिव का संपूर्ण स्वरूप प्रकृति से जुड़ा हुआ है।




### घरौंडा क्षेत्र को मिलीं ये बड़ी सौगातें

- मुगल ड्रेन नंबर-1 को करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से मजबूत किया जाएगा।
- ड्रेन किनारे सौंदर्यीकरण का कार्य वन विभाग करेगा।
- ड्रेन नंबर-1 और 2 के सुदृढ़ीकरण व रीमॉडलिंग के लिए नाबार्ड से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।
- गांव उपली में 100 एकड़ क्षेत्र में डियर पार्क विकसित किया जाएगा।
- प्रदेश में इस वर्ष 1 करोड़ 40 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य।
- 44 हेक्टेयर क्षेत्र में मियावाकी वन विकसित होंगे।
- 58 हर्बल पार्क, 75 नमो पार्क, ऑक्सी वन और पंचवटी विकसित किए जाएंगे।
- प्राण वायु देवता योजना के तहत 5,360 पुराने वृक्षों के संरक्षण के लिए प्रति वृक्ष 3 हजार रुपये वार्षिक प्रोत्साहन।

### इन छात्रों को किया सम्मानित

**क्विज प्रतियोगिता**
प्रथम : सार्थक (दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर-7)
द्वितीय : पलक (राजकीय कन्या वरिष्ठ मॉडल संस्कृति माध्यमिक विद्यालय)
तृतीय : वेदांक गोयल (ओ.पी.एस. विद्या मंदिर, सेक्टर-13)

**पेंटिंग प्रतियोगिता (कक्षा 6-8)**
प्रथम : ईशानी
द्वितीय : याश्वी
तृतीय : ऐश्रा

**पेंटिंग प्रतियोगिता (कक्षा 9-12)**
प्रथम : अनुष्का शर्मा
द्वितीय : ग्रेसी
तृतीय : तमन्या सिंह

### पंजाब में जनता से किए वादे पूरे नहीं कर पाई आप सरकार : नायब सैनी

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की जनता से किए गए वादे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर /"हाथी के दांत दिखाने के कुछ और, खाने के कुछ और/" वाली कहावत पूरी तरह लागू होती है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि आने वाले समय में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और हरियाणा की तरह वहां भी डबल इंजन की सरकार युवाओं और प्रदेश के विकास के लिए तेजी से काम करेगी। मुख्यमंत्री वीरवार को करनाल में 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की भी सराहना की।

#### पेपर लीक पर पंजाब सरकार को घेरा

मुख्यमंत्री ने पंजाब में हाल ही में सामने आए पेपर लीक मामले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि वहां युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों युवाओं की मेहनत पर पानी फेर दिया गया, लेकिन राज्य सरकार जवाब देने से बच रही है।

#### मोदी सरकार ने बनाया कड़ा कानून

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक जैसे अपराधों को रोकने के लिए वर्ष 2024 में सख्त कानून बनाया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। कानून के तहत दोषियों पर 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना और 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

## पानीपत में भव्य तरीके से निकाली जाएगी कांवड़ यात्रा



पानीपत। हरिद्वार हाईवे का कांवड यात्रा को लेकर निरीक्षण करते हुए डीसी, एसपी आदि।

**पानीपत।** कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इसी कड़ी में वीरवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने सनौली खुर्द सहित विभिन्न प्रमुख कांवड़ मार्गों और शिविर स्थलों का विस्तृत निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। वहीं, डीसी डॉ वशिष्ठ ने सडकों की व्यापक सफाई, बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने, मार्गों पर पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने, रिफ्लेक्टिव टेप लगाने, सडक़ किनारे उगी अनावश्यक घास को तत्काल हटाने तथा सभी स्पीड ब्रेकरों पर सफेदी करने के निर्देश दिए। इधर, एसपी सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बहुस्तरीय और पूरी तरह सतर्क रहेगी। पुलिस बल संवेदनशील

### स्विफ्ट कार से बरामद हुए खैर के 22 टुकड़े

**यमुनानगर।** वन विभाग की टीम ने गांव डारपुर के पास से एक मारुति स्विफ्ट कार से खैर के 22 टुकड़े बरामद हुए हैं। जिनकी कीमत करीब 2.67 लाख रुपये है। टीम को देखकर आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपी खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार डारपुर ब्लॉक के वन निरीक्षक नरेश ने बताया कि उनको सूचना मिली थी कि कुछ खैर तस्कर मारुति स्विफ्ट कार में खैर की लकड़ी भरकर उसे बेचने के लिए ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने डारपुर के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्होंने एक स्विफ्ट कार आती दिखाई दी। टीम को खड़ा देखकर आरोपी खैर तस्कर कार को मौके पर छोड़कर भाग गए। टीम ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए। उसने बताया कि जब कार की तलाशी ली गई तो उसमें से 22 टुकड़े खैर के बरामद हुए। जिनकी कीमत करीब 2.67 हजार रुपये है।

## बिना लाइसेंस खेतों से चला रहा था शराब का धंधा

- 322 बोतल अवैध शराब समेत आरोपी गिरफ्तार, सप्लाई नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला पुलिस करनाल द्वारा अवैध शराब की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना तरावड़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खेतों में बने एक खोखे से संचालित किए जा रहे अवैध शराब के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 322 बोतल अवैध शराब बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी को शराब कहां से मिलती थी और उसकी सप्लाई किन-किन क्षेत्रों तक की जा रही थी।



करनाल। थाना तरावड़ी पुलिस की गिरफ्त में आरोपी तथा मौके से बरामद 322 बोतल अवैध शराब।

पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशों के अनुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तरावड़ी के प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक जसविंदर की अध्यक्षता में पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि ढाड रोड स्थित खेतों में बने एक खोखे में अवैध रूप से शराब का भंडारण कर उसकी बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत छापेमारी की और गांव मुगल माजरा निवासी बसंत पुत्र रामकृष्ण को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

### शराब सप्लाई नेटवर्क खंगालेगी पुलिस

तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 46 बोतल अंग्रेजी शराब, 36 बोतल बीयर तथा 240 बोतल देशी शराब बरामद की। इस प्रकार कुल 322 बोतल अवैध शराब जब्त की गई। पुलिस ने सभी शराब को नियमानुसार कब्जे में लेकर जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी के पास शराब के भंडारण अथवा बिक्री के लिए कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था। वह खेतों में बने खोखे को गोदाम की तरह इस्तेमाल कर आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब की सप्लाई और बिक्री कर रहा था। पुलिस अब उसके पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शराब की आपूर्ति कहां से हो रही थी और इस धंधे में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। आरोपी के विरुद्ध थाना तरावड़ी में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## दुष्कर्म कर गर्भवती करने के मामले में दो काबू

- आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले की महिला थाना पुलिस टीम ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने, ब्लैकमेल व गर्भवती करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को अदातल में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार थाना प्रबंधक शिलावंती ने बताया कि थाना व्यासपुर क्षेत्र निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि फरवरी 2025 में वह जड़ौदा गांव में किराये के मकान में रहती थी। उसी दौरान एक प्लाईवुड फैक्ट्री में साथ काम करने वाला राजू उसके घर कोल्ड ड्रिंक और खाने का सामान लेकर आया। उसने जन्मदिन की पार्टी का बहाना बनाकर कोल्ड ड्रिंक पिलाई। जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में राजू ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो भी बना लिया। होश आने पर विरोध करने पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इसके बाद वह उसे रामखेड़ी गांव में किराये के कमरे में ले गया। जहां करीब एक वर्ष तक उसकी इच्छा के विरुद्ध कई बार शारीरिक संबंध बनाए और वीडियो के जरिए लगातार धमकाता रहा। बाद में विवाद होने पर ठेकेदार शिव शंकर उसे अपने घर ले गया और रहने के लिए कमरा दिलवाया। उसने भरोसा दिलाया कि वह उसकी और उसकी बेटी की देखभाल करेगा। लेकिन बाद में उसने भी कई बार जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट की गई और जान से मारने की धमकियां दी गईं।



यमुनानगर। महिला पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए दुष्कर्म के आरोपी।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एडिशनल सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉक्सो) पीयूष शर्मा की अदालत ने किशोरी का अपहरण कर अपने साथ ले जाने व उसके साथ लगातार दुष्कर्म करने के आरोपी आदित्य पुत्र रामपाल निवासी गांव सांगा ठेडा जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी देशराज कालोनी, पानीपत को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं, 45 हजार रूपये का जुर्माना भी किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी आदित्य को दो साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। वहीं आदित्य ने अदालत द्वारा किया गया 45 हजार रूपये जुर्माना नहीं किया। इसके चलते आदित्य को 22 साल की कैद भोगनी होगी। स्मरणीय है कि थाना तहसील कैंप पुलिस ने पीडित लडकी के मामा की शिकायत पर आदित्य पर केस दर्ज किया था और पुलिस ने आरोपी व लड़की को बरामद कर लिया था। लड़की की मेडिकल जांच करवाई गई और अदालत में उसके बयान दर्ज किए गए। इसके बाद थाना तहसील कैंप पुलिस ने आदित्य पर 28 जनवरी सन् 2024 पुलिस ने आदित्य पर आईपीसी की धारा 363, 365, 366, 376 (3) 506, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

## कालाअंब-नारायणगढ़ रोड पर भीषण हादसा बोलेरो गाड़ी में सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत

- कार चालक की लापरवाही से हुआ हादसा, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

कालाअंब-नारायणगढ़ रोड पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। गलत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार को बचाने के प्रयास में एक बोलेरो गाड़ी सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में बोलेरो सवार हिमाचल प्रदेश के मिस्त्री राम कुमार और यमुनानगर के चालक रामेश्वर राम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को दी गई शिकायत में डेरा रामा बाग के बलविंदर सिंह ने बताया कि उनका डेरा गांव में एक स्क्रीनिंग प्लांट है। उनके प्लांट पर हिमाचल प्रदेश के टिक्कर ताल के राम कुमार मिस्त्री का काम करता था। यमुनानगर के रणजीतपुर का रामेश्वर राम चालक की नौकरी करता था।

रात वे खाना खाने के लिए अपनी गाड़ियों से कालाअंब गए थे। रात करीब 11:15 बजे वे स्क्रीनिंग प्लांट में लौट रहे थे। रामेश्वर और राम कुमार बोलेरो गाड़ी में सवार थे जबकि बलविंदर सिंह अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से उनके पीछे-पीछे चल रहे थे। बोलेरो गाड़ी को रामेश्वर चला रहा था। राम कुमार अगली सीट पर बैठा था। जब उनकी गाड़ियां गांव डेरा अड्डा के पास पीर की मजार के सामने पहुंचीं तो नारायणगढ़ की तरफ से एक स्विफ्ट कार का चालक अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार में और गलत दिशा से ले आया। बोलेरो के ठीक सामने अचानक कार आ जाने पर जब ड्राइवर रामेश्वर ने गाड़ी को बचाने की कोशिश की तो स्विफ्ट कार बाल-बाल बचते हुए निकल गई लेकिन बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर और लोहे की ग्रिल से टकराकर पलट गई। गाड़ी पलटने के कारण राम कुमार और रामेश्वर अंदर बुरी तरह फंस गए।

## एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने युवक को काबू कर बरामद की 50 ग्राम हेरोइन

- आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत लाखों रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने प्रतापनगर स्थित हर्बल पार्क के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि प्रताप नगर स्थित भुड़कला रोड हर्बल पार्क के पास एक युवक बाइक पर सवार होकर नशीले पदार्थ लेकर निकलेगा। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सतीश कुमार, नवीन कुमार, एएसआई राजेंद्र सिंह, पंकज व विमल की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां बाइक पर खड़े युवक को गिरफ्तार किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट एईटीओ अंकित यादव को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाश ली तो उसके पास से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## राज्यपाल से मिले एमएचयू कुलपति विवि की उपलब्धियों से कराया अवगत

- प्रथम दीक्षांत समारोह अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में कराने के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने गुरुवार को चंडीगढ़ स्थित लोकभवन में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के फ्लोरीकल्चर विभाग द्वारा सूखे फूलों से तैयार विशेष पुष्पगुच्छ तथा विश्वविद्यालय में विकसित विभिन्न मूल्यवर्धित बागवानी उत्पाद राज्यपाल को भेंट किए। कुलपति ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन मुख्य परिसर की प्रगति की जानकारी लेते हुए प्रथम दीक्षांत समारोह की तैयारियों पर भी चर्चा की। कुलपति ने बताया कि निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और वर्ष के अंत तक पूरा होने की संभावना है।



करनाल। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष को स्मृति भेंट सौंपते एमएचयू कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए अक्टूबर 2026 के प्रथम सप्ताह में प्रथम दीक्षांत समारोह आयोजित करने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों और बागवानी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ हुए समझौते भविष्य में और बेहतर परिणाम देंगे।

### जीटी रोड के चौड़ाकरण में देरी से दुकानदार नाराज

**पानीपत।** सिटी पानीपत में जीटी रोड के चौड़ीकरण, नाला निर्माण में देरी और बाजारों में अव्यवस्था को लेकर संयुक्त व्यापार मंडल समिति ने पानीपत प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी जताई है। समिति के चेयरमैन राजेश सूरी व प्रधान विशाल वर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने एसडीएम मनदीप की मार्फत उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ को ज्ञापन सौंप कर सड़क के चौड़ाकरण को जल्द पूरा करते हुए दुकानदारों की समस्याओं के हल की मांग की है। राजेश सूरी ने बताया कि जीटी रोड पर दुकानों के आगे पिछले पांच महीनों से नाले खोदकर खुले छोड़ दिए गए हैं, जिनमें बाहर निकले सरियों से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

## लोगों को उमस और भीषण गर्मी से मिली राहत

# सावन के पहले दिन डेढ़ घंटे झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सावन मास के पहले दिन गुरुवार को हुई झमाझम बारिश ने लोगों को उमस और भीषण गर्मी से बड़ी राहत दिलाई। सुबह से ही आसमान में बादलों और सूरज के बीच आंख-मिचौली का दौर चलता रहा। दोपहर करीब 2:30 बजे मौसम ने अचानक करवट ली और लगभग डेढ़ घंटे तक रुक-रुक कर तेज बारिश होती रही। लगातार बारिश के चलते शहर की कई सड़कें जलमग्न हो गईं। देवी अहिल्याबाई चौक, कुटिया वाली गली, कंडा चौक, झांसा रोड, मीरी-पीरी चौक, महाराणा प्रताप चौक, मैन बाजार सहित कई इलाकों में जलभराव होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए और लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ा।



### बारिश धान की फसल के लिए लाभकारी

बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया। लोग घरों और दुकानों से बाहर निकलकर ठंडी हवाओं और बारिश के मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश धान की फसल के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी। खेतों में पर्याप्त नमी मिलने से फसल की बढ़वार बेहतर होगी और किसानों को सिंचाई पर होने वाले अतिरिक्त खर्च से भी राहत मिलेगी। किसानों ने भी सावन की पहली बारिश का स्वागत करते हुए इसे खेती के लिए शुभ संकेत बताया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी रुक-रुक कर बारिश की संभावना जताई है, जिससे मौसम सुहावना बने रहने और खरीफ फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# प्रकृति में बसी जान, एक पेड़ मां के नाम

## जिलेभर में सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं ने पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### छात्राओं ने पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प, जलवायु परिवर्तन पर किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ मातृत्व के सम्मान और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना था।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक रंगा तथा मुख्य अतिथि एवं केवीए डीएवी गर्ल्स कॉलेज की पूर्व प्राचार्या डॉ. सुजाता गुप्ता ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. सुजाता गुप्ता ने महाविद्यालय को पौधे भी भेंट किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। महाविद्यालय की छात्राओं, प्राध्यापकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने परिसर में विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान छात्राओं को वृक्षों के महत्व, जैव विविधता संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। संचालन डॉ. सविता एवं डॉ. जीवन ज्योति के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### राजकीय महिला महाविद्यालय में किया पौधरोपण



करनाल। राजकीय महिला महाविद्यालय में पौधरोपण करते शिक्षक व छात्राएं।



करनाल। पौधरोपण करते शिक्षक विद्यार्थी।

### पौधे लगाने के बाद ली देखभाल की शपथ

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा तथा सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव के मार्गदर्शन में चल रही मैसिव प्लांटेशन ड्राइव के तहत गुरुवार को नीलोखेड़ी के मानव विकास स्कूल तथा सिदपुर के स्मॉल वंडर स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। पैनल अधिवक्ता जतिंद्र सिंह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। सभी ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर हरित वातावरण बनाने का संकल्प लिया। सीजेएम मीनाक्षी यादव ने बताया कि हालसा पंचकूला के निर्देशानुसार 5 जून से 5 अगस्त तक जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है।



### 350 पौधों के साथ पीटीसीएलएस कॉलेत में रोपे पौधे

करनाल। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से पीटीसीएलएस राजकीय महाविद्यालय, करनाल में /"एक पेड़ माँ के नाम/" अभियान के तहत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनसीसी आर्मी विंग, एनसीसी एयर विंग, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) तथा इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने पौधारोपण कर किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी धरोहर हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. अनिल गर्ग, प्रवेश के लिए आए विद्यार्थियों के अभिभावक, प्राध्यापक, कर्मचारी, एनसीसी आर्मी एवं एयर विंग के कैडेट्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के कुल 350 पौधे लगाए गए, जिससे परिसर को और अधिक हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

### पार्कों और सार्वजनिक स्थलों में हजारों पौधे रोपकर प्रकृति संरक्षण का लिया संकल्प



'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण करते पार्षद।

करनाल। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला स्तरीय 'एक पेड़ मां के नाम' वन महोत्सव अभियान के तहत नगर निगम करनाल ने गुरुवार को शहरभर में व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया। अभियान के दौरान नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, पार्कों, ग्रीन बेल्टों, सार्वजनिक स्थलों, सामुदायिक केंद्रों, डंप साइटों, तालाबों, श्मशान घाटों, मुख्य सड़कों, नहर किनारों, ट्रैफिक आइलैंड और रोड जंक्शनों सहित अनेक स्थानों पर हजारों पौधे लगाए गए। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' केवल पौधारोपण कार्यक्रम नहीं बल्कि अपनी मां, प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अभियान है। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में पहले से उपयुक्त स्थानों का चयन किया गया था ताकि लगाए गए पौधों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं बल्कि उन्हें वृक्ष बनाना है।

### इंद्री में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



इंद्री। जोहड़ माजरा में पौधरोपण करते मुख्यातिथि व ग्रामीण।

इंद्री। माय भारत करनाल, राजकीय माध्यमिक विद्यालय जोहड़ माजरा, ग्राम पंचायत जोहड़ माजरा और शहीद भगत सिंह युवा क्लब के सहयोग से गांव जोहड़ माजरा में वन महोत्सव और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर 150 पौधे वितरण किए गए। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रितिका रानी और राज्य युवा अवार्डी नीरू देवी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला युवा अधिकारी अंजली चौधरी, सरपंच दीपक पाल, ब्लॉक समिति सदस्य सतपाल ने शिरकत की। जिला युवा अधिकारी अंजली चौधरी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। सरपंच

## खबर संक्षेप



### पार्क में पौधे रोपकर ली प्रकृति संरक्षण की शपथ

तरावड़ी। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तरावड़ी के वार्ड एक के पार्क में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हल्का विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने पौधारोपण किया तथा सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण कम करने तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है।



### घरौंडा में चला मेगा पौधरोपण अभियान

घरौंडा। राजकीय महिला महाविद्यालय बस्ताड़ा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत चार दिवसीय विशाल वृक्षारोपण अभियान का सफल समापन किया गया। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में कुल 250 पौधों का रोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता विकसित करना तथा प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या कमलेश रानी के मार्गदर्शन एवं कार्यवाहक प्राचार्या दीपा ढुल के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद घरौंडा के अध्यक्ष संजय सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा पौधारोपण कर किया गया। उन्होंने छात्राओं को अधिकाधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया।



करनाल। श्री राम मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

### श्री राम मंदिर में सावन माह पर हुआ जलाभिषेक

करनाल। सेक्टर-8 स्थित श्री राम मंदिर में सावन माह के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भोलेनाथ का पंचामृत से अभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। सामूहिक रूप से महामृत्युंजय मंत्र और शिव स्तुति का पाठ किया गया। मुख्य यजमान डॉ. आर.के. सचदेवा और राजरानी परिवार सहित उपस्थित रहे। मंदिर प्रधान जगन बत्रा ने यजमानों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### संपत्ति कर पर 10 प्रतिशत छूट का अंतिम अवसर आज



करनाल। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने शहर के संपत्ति करदाताओं से 31 जुलाई तक संपत्ति कर जमा कर हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही 10 प्रतिशत छूट का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए शहीद उधम सिंह शहीदी दिवस के सरकारी अवकाश पर भी नगर निगम कार्यालय स्थित नागरिक सुविधा केंद्र के संपत्ति कर भुगतान काउंटर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि समय पर संपत्ति कर जमा करने वाले नागरिक न केवल छूट का लाभ प्राप्त करेंगे बल्कि नगर निगम को शहर में विकास कार्यों को गति देने में भी सहयोग मिलेगा। संपत्ति कर से प्राप्त राशि का उपयोग सड़क निर्माण, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सीवरेज, पार्कों के रखरखाव और अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार में किया जाता है। आयुक्त ने बताया कि जो नागरिक निगम कार्यालय नहीं आ सकते, वे घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से भी संपत्ति कर जमा कर सकते हैं।

### महाराजा अग्रसेन सभा की कार्यकारिणी गठित

इंद्री। महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री की मीटिंग महाराजा अग्रसेन भवन इंद्री में सभा प्रधान आनंद जिंदल की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में महाराजा अग्रसेन सभा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें कार्यकारिणी मे संरक्षक जगदीश गोयल व पवन सिंगला, उप प्रधान पासा राम जिंदल, उप प्रधान व ग्रामीण प्रभारी मदनलाल कलसौरा, सचिव विकास बंसल, कोषाध्यक्ष पंकज गर्ग, सह कोषाध्यक्ष वासु गोयल, प्रेस प्रवक्ता जयपाल बंसल, सलाहकार अमित गोयल, सुभाष जिंदल, कपिल बंसल, सचिन गोयल, शिव कुमार बंसल, नीरज मंगला व सुभाष बंसल, कार्यकारिणी सदस्य राजेश गुप्ता, बृजमोहन गर्ग, मुकेश मंगला, रोहित जिंदल व अंकुर जिंदल को बनाया गया। इस मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हरियाली तीज का पर्व 15 अगस्त को महाराजा अग्रसेन भवन इंद्री में धुमधाम से मनाया जाएगा।



इंद्री। महाराजा अग्रसेन भवन इंद्री में हुई मीटिंग मे मौजूद सभा सदस्य।



तरावड़ी। आधुनिक गोशाला शेड धार्मिक अनुष्ठान के साथ गोशाला को समर्पित करते श्रीमती उषा गोयल, पंकज गोयल, ममता गोयल, हर्ष गोयल व अध्यक्ष गौरव गर्ग

### पिता की पुण्य तिथि पर गोशाला को सौंपा शेड

तरावड़ी। केएस ओवरसीज प्रा. लि. के एमडी पंकज गोयल ने अपने स्वर्गीय पिता लाला सतपाल गोयल की पुण्य स्मृति में साम्भली स्थित मनोकामना सिद्ध श्री वृंदावन धाम गोशाला को एक बड़ी सौगात दी है। करीब चार लाख रुपये की लागत से तैयार कराया गया आधुनिक गोशाला शेड हवन-यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ विधिवत गोशाला को समर्पित कर दिया गया। इस शेड से लगभग 200 गोवंश को गर्मी, बारिश और सर्दी के मौसम में सुरक्षित एवं बेहतर आश्रय उपलब्ध होगा। गौशाला के अध्यक्ष गौरव गर्ग ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस शेड के निर्माण से गोवंश के बैठने, चारा खाने और सुरक्षित रहने की बेहतर व्यवस्था हो गई है। उन्होंने कहा कि यह सहयोग गौसेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक योगदान है, जिससे लंबे समय तक सैकड़ों गोवंश को लाभ मिलता रहेगा।

### गुरु पूर्णिमा पर योग शिक्षक दिनेश गुलाटी सम्मानित

करनाल। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अटल पार्क सेक्टर-9 स्थित योग कक्षा में 'मेरा मिशन स्वस्थ भारत' के संस्थापक योग शिक्षक दिनेश गुलाटी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। योग साधकों ने उन्हें पुष्पमाला और स्मृति चिन्ह भेंट कर योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। योग साधकों ने कहा कि दिनेश गुलाटी वर्षों से लोगों को योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में अनेक लोगों ने नियमित योगाभ्यास अपनाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन महसूस किया है। अपने संबोधन में दिनेश गुलाटी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल गुरु का सम्मान करने का पर्व नहीं बल्कि ज्ञान और





इंद्री। महाविद्यालय मे विद्यार्थियों को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी।

### शहीद उधम सिंह को बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी इंद्री में अमर शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर एनसीसी यूनिट द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने की तथा मंच संचालन एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने किया। प्राचार्य महेंद्र सिंह बागी ने कहा कि महाविद्यालय का नाम शहीद उधम सिंह के नाम पर होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इसी वर्ष उनके नेतृत्व में महाविद्यालय के विद्यार्थियों का जलियांवाला बाग भ्रमण भी कराया गया।

### कांवड़ियों के लिए शिविर में भोजन व प्रसाद के होंगे पूर्ण प्रबंध

## सावन की महाशिवरात्रि पर मंडी गेट में लगेगा विशाल कांवड़ शिविर, बैठक में तैयारियां पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

सावन माह की महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तरावड़ी में कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए ओम शिव शंकर सेवा मंडल द्वारा 9 और 10 अगस्त को मंडी गेट पर विशाल कांवड़ शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर को लेकर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक मंडी कार्यालय में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मंडल के संरक्षक सुभाष गर्ग ने की।

बैठक में मंडल के प्रधान दुर्गेश मित्तल सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधान दुर्गेश मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कांवड़ यात्रियों की सेवा के उद्देश्य से भव्य शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंडी गेट नंबर-1, दुकान नंबर-23 के पास लगाए जाने वाले इस शिविर में कांवड़ियों के लिए भोजन प्रसाद, व्रत का विशेष भोजन, प्राथमिक उपचार हेतु दवाइयों की व्यवस्था के साथ-साथ रात्रि विश्राम के लिए भी समुचित प्रबंध किए जाएंगे।



तरावड़ी। कांवड़ शिविर को लेकर मंडल के सदस्यों की बैठक में मौजूद सुभाष गुप्ता, दुर्गेश मित्तल व अन्य सदस्य। फोटो: हरिभूमि

इस अवसर पर उपाध्यक्ष गौरव बंसल, प्यारा लाल काठपाल, बनवारी लाल काठपाल, मदन अरोड़ा, मोन्टू बंसल, देवराज पोपली, मदन कक्कड़, नरेंद्र काठपाल, चीनू मित्तल, दीपक कुमार, नरेंद्र कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### शिविर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो

मित्तल ने बताया कि शिविर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मंडल के सदस्यों की अलग-अलग ड्यूटियां निर्धारित कर दी गई हैं। साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि कांवड़ यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। बैठक में उपस्थित संरक्षक सुभाष गर्ग ने सभी सदस्यों से सेवाभाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि कांवड़ यात्रियों की सेवा करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने सभी से मिलजुलकर शिविर को सफल बनाने की अपील की।

## न्यूज डायरी



### महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार का स्वागत

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने चौधरी कॉलोनी स्थित अपने निवास पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, सामाजिक उत्थान, परिवार सुदृढ़ीकरण और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक विचार-विमर्श किया गया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ-साथ आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।



### 226 मास्टर ट्रेनरों का सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

करनाल। डीएवी पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन, करनाल में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आठ जिलों के 226 मास्टर ट्रेनरों का सात दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार से शुरू हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रोहताश वर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना निपुण हरियाणा मिशन का उद्देश्य कक्षा पहली से पांचवीं तक के प्रत्येक बच्चे को पढ़ने, लिखने और गणित में दक्ष बनाना है।



### केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में रोपे पौधे

करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो तथा एनसीसी आर्मी विंग के संयुक्त तत्वावधान में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार /"एक पेड़ मां के नाम/" महापौधारोपण अभियान चलाया गया। प्राचार्या डॉ. मीनू शर्मा ने अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में लगभग 200 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। एनएसएस स्वयंसेविकाओं और एनसीसी कैडेट्स ने पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी ली। कार्यक्रम में डॉ. मंजू सिंह, डॉ. संगीता गौरांग, डॉ. सुषमा ठाकुर, डॉ. सुनीत भंडारी, संजना रहेजा, डॉ. ईशा, प्रशांतिका, गुरचरण तथा सीटीओ काजल सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।



### महिला प्रशिक्षण केंद्र को मिली सिलाई मशीनें

करनाल। अंबेडकर समाज कल्याण सभा द्वारा सेक्टर-16 स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा की क्षेत्रीय प्रमुख शीतल शर्मा मुख्य अतिथि रहीं। इस अवसर पर बैंक की सीएसआर योजना के अंतर्गत महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र को दो बड़ी अम्ब्रेला सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। सभा के प्रधान अमर सिंह पातलान ने बताया कि भवन में सिलाई केंद्र, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण, डिजिटल पुस्तकालय, कंप्यूटर केंद्र और 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए बीबीए होटल मैनेजमेंट की निशुल्क शिक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। कार्यक्रम में पुनीत जैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### सेंट थेरेसा कॉन्वेंट स्कूल बना अंडर-14 क्रिकेट विजेता

करनाल। ब्लॉक स्तरीय अंतर-स्कूल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में सेंट थेरेसा कॉन्वेंट स्कूल ने दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दयाल सिंह स्कूल की टीम 12 ओवर में 49 रन ही बना सकी। जवाब में सेंट थेरेसा की टीम ने सात ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के शानदार प्रदर्शन पर प्रिंसिपल सिस्टर रीना और हेडमिस्ट्रेस सिस्टर तारा ने खिलाड़ियों, कोच और खेल प्रभारी राजीव को बधाई दी।



### वन महोत्सव में हजारों पौधों का रोपण

करनाल। कुटेल स्थित दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय में आयोजित वन महोत्सव में रावर गांव और आसपास की कालोनियों के लोगों ने समाजसेवी रिंका चीमा के नेतृत्व में भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी शामिल हुए। विश्वविद्यालय परिसर में करीब 20 हजार पौधे लगाए गए। रिंका चीमा ने कहा कि पेड़ जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम में हरमिंदर सिंह भिंडर, संजय खैची, बलविंदर सिंह विर्क सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



### दलित अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अत्याचार रोकने और छात्रवृत्ति व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूजःकरनाल। दलित अधिकार मंच की करनाल इकाई ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक ओमप्रकाश सिहमार ने कहा कि दलितों, महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ बढ़ते अत्याचार तथा छात्रवृत्ति वितरण में अनियमितताएं गंभीर चिंता का विषय हैं। प्रदर्शनकारियों ने फव्वारा पार्क से जिला सचिवालय तक मार्च निकालकर अपनी मांगें रखीं। मंच ने दलित बस्तियों को उजाड़ने पर रोक, छात्रवृत्तियों का नियमित वितरण, उत्पीड़न मामलों में त्वरित कार्रवाई और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की चोरी हुई प्रतिमा की पुनर्स्थापना की मांग की।

## खबर संक्षेप

### आज प्रकाशित होगा वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट

**पानीपत।** हरियाणा मुख्य चुनाव अधिकारी ए. श्रीनिवास ने वीरवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-2026) के तहत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के लिए उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। बैठक में उन्होंने जिले में अब तक की एसआईआर की विस्तृत प्रगति से मुख्य चुनाव अधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी ने पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ संपन्न करने तथा शेष कार्यों में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए। वहीं, सत्यापित मतदाताओं के आधार पर 31 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा।

### अवैध गोदामों की शिकायत दी

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला की इंदिरा विहार कालोनी में अवैध रूप से चल रहे गोदामों व डाई हाऊसों को बंद कराने की मांग को लेकर कालोनी वासियों मदन लाल मजोका, जगबीर सिंह, राजेंद्र कुमार, हरदीप सिंह, रविंद्र मोहन, चुन्नी लाल, कर्मवीर पाल, प्रमोद पांचाल, राजू पोरोचा, लहरी सिंह राठी, विनय कुमार, राजीव सतीजा, अमृतपाल सिंह, रतीराम, पालेराम, टिंकू सिंह, बंटी अश्वनी शर्मा आदि ने शिकायत दी।

### जिला प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने करते हुए जनसुनवाई की। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक समाधान होना चाहिए।

### खेल प्रेमियों को नीरज से बंधी आस

**पानीपत।** भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा निवासी गांव खंडरा जिला पानीपत ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स के जैवलिन थ्रो यानि भाला फेंक इवेंट के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नीरज ने क्वालिफिकेशन राउंड में 79.61 मीटर का बेस्ट थ्रो करते हुए पांचवां स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, भारत के जैवलिन थ्रोअर रोहित यादव और यशवीर सिंह ने भी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। यशवीर भी पानीपत के निवासी है। वहीं, खेल प्रेमियों को विश्वास है कि नीरज के साथ साथ रोहित यादव व यशवीर सिंह भी देश के लिए मेडल जीतेंगे।

### युवक को अधमरा किया पुलिस ने जांच शुरू की

**पानीपत।** पानीपत की देशराज कालोनी में सागर नामक युवक पर करीब 12 युवकों ने हमला बोल दिया। हमलावरों ने सागर को जमकर पीटा और उसका मोबाइल फोन सैट व बाइक छीन ली। इधर, थाना तहसील कैंप पुलिस ने सागर की शिकायत पर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से वृद्ध की मौत

**इसराना।** पानीपत की सब डिवीजन इसराना में बस स्टैंड के सामने सड़क पार कर रहे 65 वर्षीय कैलाश पुत्र गोविंद मांझी को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में कैलाश की मौत हो गई। इसराना थाना पुलिस ने कैलाश के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। मृतक की पत्नी बसंती की शिकायत पर अज्ञात कार के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने जेवर चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस ने देवी मंदिर के पीछे उत्तम नगर में शुभम के मकान से सोने, चांदी के जेवरात चोरी करने के आरोपी गोलू उर्फ अखमिचा निवासी देसराज कालोनी को गिरफ्तार किया है। वहीं, गोली से चोरीशुदा जेवरात में से चांदी के दो कड़े, एक जोड़ी पाजेब, एक चेन व तेरह हजार रूपए बरामद किए। थानेदार सुभाष ने बताया कि गोले पेशेवर अपराधी है और उपर चोरी के छह केस दर्ज है।

## अभी तक 25 हजार से अधिक पौधे रोपे जा चुके

# राष्ट्र निर्माण का संकल्प है पर्यावरण संरक्षण: ढांडा

**जिला स्तरीय वन महोत्सव में रोपे पौधे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। वन महोत्सव में पौधे रोपते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, अधिकारी आदि। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण केवल पर्यावरण बचाने का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यदि पेड़ सुरक्षित रहेंगे तो जीवन सुरक्षित रहेगा और यदि प्रकृति का संतुलन बिगड़ा तो मानव अस्तित्व भी गंभीर संकट में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान और प्राकृतिक असंतुलन जैसी चुनौतियों से जूझ रही है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक को पौधरोपण को जन आंदोलन बनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा वीरवार को गीता यूनिवर्सिटी, गांव नौल्था में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने पौधरोपण कर किया और सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने ने कहा की पर्यावरण संरक्षण राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। वहीं, उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि पर्यावरण को घना करने के लिए अभी तक 25 हजार से अधिक पौधे रोपे जा चुके है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण को घना करने के लिए समाज का हर वर्ग पौधे रोपे। जिला वन अधिकारी दीपक प्रभाकर पाटिल ने वन महोत्सव अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वन महोत्सव के तहत गीता यूनिवर्सिटी परिसर में सौ से अधिक पौधे रोपे। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष ज्योति शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता कुमारी रंजीता कौशिक, लोकेश नांगरू, संदीप जिंदल समेत बडी संख्या में लोगों ने पौधे रोपे।

## युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया

# देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में मां की याद में पौधे रोपे

**प्रकृति बचाओ सम्मान पाओ अभियान के उद्देश्य बताए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। राजकीय कॉलेज में पौधे रोपते हुए शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत इको क्लब और एनएसएस युनिट के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.सुभाष चंद्र जागलान ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इको क्लब प्रभारी एवं ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार ने उनका पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते हुए कहा कि हर्बल एवं बॉटनिकल गार्डन में कटहल, अनार, अर्जुन, नींबू, शहतूत, काला बांसा और लेमनग्रास आदि के पौधे रोपे गए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ उनकी देखभाल भी जरूरी है। प्रो.शिवम धवन ने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। जबकि प्रो.दलजीत कुमार ने प्रकृति बचाओ सम्मान पाओ अभियान के उद्देश्य बताए। अंत में डॉ.सोनिया दहिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ.सोनिया, डॉ. मीनाक्षी, तकदीर सिंह, रेखा, डॉ.वीना, रेणु, कविता तनेजा, वंदना, संदीप कुमार, किरण दीवान, नैंसी, कविता, वीरेंद्र, रविन्द्र तथा इको क्लब व एनएसएस के विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया।

## आर्य कॉलेज में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने पौधे रोपे



पानीपत। आर्य कॉलेज में विद्यार्थियों को पौधे भेंट करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** वृहद पौधरोपण अभियान के अंतर्गत आर्य पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि निदेशालय द्वारा आर्य कॉलेज को दो सौं पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में कॉलेज परिसर एवं उसके आसपास फूलदार, औषधी, फलदार व छायादार पौधे रोपे जा रहे है। इस अवसर पर उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. गीतांजलि साहनी, डॉ. मधु गाबा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आस्था गुप्ता, डॉ. मनीषा डुडेजा, प्राध्यापक पंकज चौधरी तथा एनएसएस स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



इसराना। राजकीय कॉलेज, इसराना में पौधे रोपते हुए शिक्षक व विद्यार्थी।

## राजकीय कॉलेज में पौधे लगाए

**इसराना।** पानीपत की सब डिवीजन इसराना स्थित राजकीय महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ.हरिओम ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक नागरिक का दायित्व बताया। डॉ.बलिंदर गुलिया एनसीसी एएनओ एवं प्रो.लविन दहिया एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने परिसर में पौधारोपण कर हरित भविष्य का संकल्प लिया।

# रोपे गए पौधे के जवान होने तक देखभाल करेंगी छात्राएं

- छात्राओं को पर्यावरण के महत्व की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। देवीलाल गर्ल्ज कॉलेज की एनएसएस की स्वयंसेवी छात्राएं पौधे रोपते हुए।

चौधरी देवीलाल कन्या महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्राओं ने पौधे रोपे। वहीं, स्वयं सेवी छात्राएं मानसून के रहने तक कॉलेज व आसपास के क्षेत्र में आम, नीम, सहजन, जामुन, पीपल के पौधे रोपने का अभियान जारी रखेगी। साथ ही स्वयं सेवी छात्राओं ने संकल्प लिया कि रोपे गए पौधों की वे जवान होने तक देखभाल करेगी। वहीं, प्राचार्या डॉक्टर सुमन लता व एनएसएस अधिकारी प्रोफेसर पूनम देवी ने छात्राओं को पर्यावरण के महत्व की जानकारी देते हुए मानसून के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने की अपील की।

## नन्हें बच्चों ने नाटक कर दिया स्वच्छता का संदेश

पानीपत। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में वीरवार को विद्यार्थियों के द्वारा अंतसदनीय हिंदी नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों अरावली सदन, हिमालय सदन, नीलगिरी सदन और शिवालिक सदन के नन्हें कलाकारों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मोबाइल फोन का मायाजाल, जल ही जीवन है, पेड़ लगाओं धरा बचाओं और स्वच्छता का महत्व जैसे विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या डॉ. तोमर ने सभी विजेता सदन के प्रतिभागियों को बधाई दी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि हर नागरिक को मानसून में पौधे रोपने चाहिए और उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए। वहीं हर परिवार को स्वच्छता को अपनी आदत बनानी चाहिए।


पानीपत। डीएसपीएस की प्राचार्या डॉ .विनीता तोमर के साथ व विजेता विद्यार्थी।

# इनर व्हील क्लब ने निर्धनों को सहायतार्थ राशन भेंट किया



पानीपत। इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन की पदाधिकारी निर्धन महिलाओं को राशन बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन ने जरूरतमंद महिलाओं, विधवाओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए राशन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निशा गर्ग ने राशन सामग्री उपलब्ध कराकर सहयोग किया और समाज के सक्षम लोगों से जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। क्लब की अध्यक्षा ज्योत्स्ना गर्ग ने कहा कि क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य करता रहेगा। चार्टर प्रेसिडेंट डॉ.कंचन सागर ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना सबसे बड़ा मानवीय धर्म है। कार्यक्रम में क्लब की सचिव मंजरी गोयल, संपादक डॉ. प्रीति जैन, सब संपादक साधिका मिगलानी तथा कोषाध्यक्ष ऋतिका गर्ग ने भी सक्रिय सहयोग दिया।

## बस्ताड़ा महिला महाविद्यालय में चार दिवसीय वृक्षारोपण अभियान संपन्न

**करनाल।** राजकीय महिला महाविद्यालय बस्ताड़ा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत चार दिवसीय विशाल वृक्षारोपण अभियान का सफल समापन हुआ। अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर में 250 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या कमलेश रानी के मार्गदर्शन तथा कार्यवाहक प्राचार्या दीपा ढुल के नेतृत्व में किया गया। भारत विकास परिषद घरौंडा के अध्यक्ष संजय सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में पौधारोपण कर अभियान का समापन कराया। उन्होंने छात्राओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एनएसएस इकाई, इको क्लब तथा भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।



महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण करते मुख्य अतिथि, शिक्षक एवं छात्राएं।

## विधायक ने बादली बलिदान दिवस कार्यक्रम का न्यौता दिया

# बच्चों को शिक्षित कर संस्कारवान बनाएं: रोड़

*जो समाज अपने पूर्वजों को याद रखता है वह आगे बढ़ता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना


पानीपत। गांव कुराना में विधायक सत्यपाल रोड़ संबोधन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

असली पूंजी रुपया पैसा नहीं है हमारी असली पूंजी हमारे बच्चे हैं उनको अच्छी शिक्षा के साथ साथ संस्कारवान बनाएं हमारे बच्चों में अच्छा संस्कार होंगे वह अपना रास्ता खुद तलाश कर लेंगे। ये शब्द पूंडरी के विधायक सतपाल रोड़ ने गांव छिछड़ाना की अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में कहे। विधाय रोड़ ने गांव कुराना के ग्रामीणों को दो अगस्त को बादली बलिदान दिवस कार्यक्रम का न्यौता देते हुए कहा कि रोड़ समाज वीर बलिदानी रहा है, वहीं, हमें अपने पूर्वजों को हमेशा याद रखना चाहिए। जो समाज अपने पूर्वजों को याद रखता है वह आगे बढ़ता है। रोड़ समाज की बातें करें तो हमारे समाज ने आर्थिक तरक्की की है ओर इस समाज के हजारों युवा विदेशों में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमारी तरक्की की झलक बड़ी बड़ी कोठियों से नहीं। हमारी तरक्की तो शिक्षा ओर संस्कारों से है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने विधायक सत्यपाल का स्वागत किया।

## मेयर ने पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता का हालचाल जाना

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने वीरवार को रावल अस्पताल पहुंचकर हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शशि पाल मेहता का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों और परिजनों से उनके स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। महापौर ने अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों से उपचार की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि शशि पाल मेहता ने लंबे समय तक जनसेवा, संगठन और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## न्यूज डायरी

### सड़क हादसे में छात्र की मौत

**पानीपत।** पानीपत में बाबरपुर के पास दोस्त की जन्मदिन की पार्टी से कार में सवार होकर लौट रहे दो दोस्त कोमल व दीपक की कार नाले में पलट गई। हादसे में कोमल की मौत हो गई। 22 वर्षीय कोमल बीए का विद्यार्थी था। वहीं, कोमल का शव कार की चालक सीट से पुलिस ने बरामद किया। जबकि परिजनों का दावा है कि कोमल कार चलाना नहीं जानता था, फिर उसका शव चालक सीट पर कैसे पहुंचा। परिजनों ने कोमल की मौत सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इधर, पुलिस ने जांच के बाद कोमल के शव का पंचनाम भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इससे पहले फारेंसिक टीम ने कोमल के शव, कार व घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने बताया कि कोमल के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट इस मामले में अहम साबित होगी, वहीं, पुलिस कोमल के साथ कार में सवार दीपक से भी पूछताछ करेगी।

### शराब तस्करी करते पकड़ा

**पानीपत।** उरलाना चौकी पुलिस ने सुरेंद्र पुत्र प्रीता निवासी गांव डुमियाना जिला पानीपत को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी बंसीलाल ने बताया कि थाना मतलौडा में सुरेंद्र के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। जबकि सुरेंद्र से बरामद शराब की खेप केस की जांच के लिए इंपाउंड कर ली गई।

### पुलिस टीम ने चोरी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने सनौली रोड स्थित मयूर स्वीट्स वाली गली में बिजली की दुकान से तांबे की तार व मोटरें चोरी करने वाले दो आरोपियों दीपक पुत्र महेंद्र निवासी बलजीत नगर, पानीपत व राजाराम पुत्र चंद्रभान निवासी गांव राजाखेड़ी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार राकेश ने बताया कि चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में विद्यानंद कॉलोनी निवासी सुनील की शिकायत पर केस दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बची 10 हजार की नकदी, चोरी की मोटरों के 70 छोटे-बड़े पार्ट्स तथा वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद की है।

### गुरु महिमा का गुणगान किया

**पानीपत।** श्री सतगुरु रामरतन परमधाम दरबार ट्रस्ट के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु महिमा का गुणगान किया। सत्संग करते हुए आर्चाय राकेश पांचाल ने कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से ही जीवन का सच्चा ज्ञान प्राप्त होता है। गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है।

### छात्रा का दाखिला करवाया

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी का आर्य पीजी कॉलेज में बीसीए में दाखिला करवाया है। इस अवसर पर समिति के सदस्य पूर्व मेयर अवनीत कौर, बलदेव खुराना, प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं, डॉ. गुप्ता ने बेटी को कॉलेज प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

### रक्तदान शिविर लगाकर जुटाया 42 यूनिट रक्त

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने रक्त की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए लगातार तीन दिनों तक रक्तदान शिविर आयोजित कर कुल 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि गर्मियों के मौसम में ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस समारोह पर अधिकारियों को निर्देश

**नारायणगढ़।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त के सफल, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर एसडीएम शिवजीत भारती ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। समारोह की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध ढंग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह अनाज मंडी नारायणगढ़ में आयोजित किया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर 11 अगस्त, 12 अगस्त को मार्च पास्ट एवं परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल होगी। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को फाईनल रिहर्सल होगी।

### कॉलेज में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित। पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राजकीय महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत एक बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किया गया था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य रोहित कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रोफेसर अभिषेक, सहायक प्रोफेसर नेहा और सहायक प्रोफेसर शिविका की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सुनीं जनसमस्याएं

**अंबाला।** पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने वीरवारर को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस बार उन्होंने अपने कार्यालय के बाहर स्थित पार्क में बैठकर आमजन से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत फोन कर अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान करवाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे। लोगों ने परिवार पहचान पत्र (फैमिली आईडी), बिजली विभाग, नागरिक सुविधाओं सहित अन्य जनहित से जुड़े मामलों को पूर्व मंत्री के समक्ष रखा। असीम गोयल ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल बातचीत की और उनकी समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। जंडली क्षेत्र से आए एक परिवार ने फैमिली आईडी से जुड़ी समस्या पूर्व मंत्री के समक्ष रखी। असीम गोयल ने संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। भानोखेड़ी गांव से पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

## वन महोत्सव के जिलास्तरीय कार्यक्रम के तहत दशहरा ग्राउंड में किया पौधरोपण

# दशहरा ग्राउंड में बनेगा फुटपाथ, विज ने 50 लाख रुपये देने का किया ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024 में एक पेड़ मां के नाम का नारा दिया था, कार्यक्रम में 130 पौधे लगाए और 10 हजार छात्रों को बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमें जहां अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर वहीं उन्हें बचाना हैं और धरती को हरा-भरा बनाना है। विज दोपहर रामबाग रोड स्थित दशहरा ग्राउंड में वन विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने ग्राउंड में कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए पौधरोपण किया, उनके अलावा अंबाला शहर मेयर अकक्षिता सैनी, नगर परिषद् अध्यक्ष स्वर्ण कौर, व्यापार कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष राकेश बिंदल सहित अन्य ने पौधरोपण किया। उर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज हमने दशहरा ग्राउंड में पौधारोपण तपती धूप में किया हैं। अगर यह पौधारोपण 25-30 वर्ष पहले हो जाता तो हमें धूप के थपेड़े न झेलने पड़ते। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024 में एक पेड़ मां के नाम का नारा दिया है। मोदी जी को समझना बहुत मुश्किल है, वह इतनी गहराई की बात कहते है कि जिसे समझने के लिए समय व ज्ञान लगाना पड़ता हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान के लिए हमें मिलकर काम करना है। एक मां हमे जन्म देती है, हमारा पालन पोषण करती है, हमें पढ़ाती लिखाती है, वहीं दूसरी मां हमारी धरती मां है। दोनों माताएं ही मनुष्य को पालने का काम करती हैं। धरती मां के रूप में हमें फल, फूल, अनाज और आवश्यकता अनुसार अन्य जीवन रूपी वस्तुएं प्राप्त होती हैं। दोनों माताएं ही हमारे लिए अति महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ों से हमारी धार्मिक मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। हमारे महापुरूष बड़े ज्ञानी रहे है, तुलसी के पौधे को मां का दर्जा दिया गया हैं। तुलसी का पौधा एक एंटीबॉयटिक का काम करता हैं। इस मौके पर डीएफओ नरेश रंगा ने बताया कि लगभग 130 पौधों लगाए गए हैं व लगभग 10 हजार पौधे स्कूलों को वितरित किए गए है। इस अवसर पर एसडीएम दर्शन कुमार, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, ईओ देवेंद्र नरवाल, भाजपा पदाधिकारी हर्ष बिंद्रा, रवि बुद्धिराजा, प्रवेश शर्मा, विकास बहगल, विजेंद्र चौहान, बलविंद्र सिंह शाहपुर, सुदर्शन सहगल, जसबीर जस्सी, दीपक भसीन, बलकेस वत्स, आरती सहगल, शिवा काकरान, राजीव डिंपल, नीरू चौहान, संजीव वालिया, बीएस बिंद्रा, श्याम सुंदर अरोड़ा, संजीव अत्री, संजीव सोनी, विपिन खन्ना, फकीरचंद सैनी, मदन लाल शर्मा, आशीष अग्रवाल, पुनीत सरपाल, रामबाबू यादव, नरेंद्र राणा भी मौजूद रहे।



अंबाला। पौधरोपण के दौरान बच्चों के साथ मंत्री अनिल विज फोटो : हरिभूमि

### पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं

मंत्री ने कहा कि पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जीवित रहने के लिए इन दोनों चीजों का होना अति आवश्यक हैं। पेड़ हमें आक्सीजन देते है। विज्ञान ने बहुत तरक्की की है, आक्सीजन कन्स्ट्रेटर इसका एक उदाहरण हैं लेकिन यह उपकरण भी वातावरण में मौजूद आक्सीजन है उसी को आगे देता हैं। उन्होंने कहा कि धरती पर सबसे पहला अधिकार पेड़-पौधों का ही है। इस मौके पर विज ने यह भी कहा कि जिले में पिछले वर्ष लगभग 36 लाख पौधे लगाए गए। हर आदमी को पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन मिले इसके लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने है। धरती पर जहां पर भी स्थान खाली पड़े हुए है वहां पर पौधों को लगाना हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा अंबाला छावनी में चार मंडल है, चारों मंडलों के पदाधिकारियों ने जहां पर खाली जगह मिली वहां पर पौधे लगाने का काम किया हैं। इसी कड़ी में आज वन महोत्सव के उपलक्ष्य में यहां पर भी ग्राउंड में पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारी हर वर्ष कितने पेड़ पौधे लगाए गए है उसका आंकड़ा देते हैं, मगर कितने पेड़ बचाए गए है, उसका भी आंकड़ा इसके साथ देना चाहिए।

### 50 लाख की राशि देने की घोषणा की

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने दशहरा ग्रांउड में दीवार के चारों तरफ फुटपाथ बनाए जाने के लिए 50 लाख रूपए अपने स्वैच्छिक कोष से देने की घोषणा भी की। उन्होनें कहा कि इस फुटपाथ के बनने से लोग यहां पर आकर जहां सैर करेगें वही हरे भरे पौधे लगे होने से यहां की सुंदरता का आनंद भी उठाएंगे। उन्होंने वन विभाग और नगर परिषद अधिकारियों को मिलकर यहां छोटे-छोटे फुलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अम्बाला छावनी का नेताजी सुभाष पार्क बेहतरीन पार्क बन गया है। लोग यहां पर भारी संख्या में आकर इस पार्क की सुंदरता का आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा यहां पर जल्द ही ई-लाईब्रेरी बनाने का काम किया जाएगा। इसके साथ-साथ यहां पर फुड कोर्ट के भी जल्द टेंडर किए जाएंगे।

## लगातार चौथे दिन अदालतों में कामकाज ठप, धरना जारी



अंबाला। हड़ताल पर बैठे वकील।

- 26 अदालतों में तीन हजार के आसपास केस लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के विरोध में वकीलों ने लगातार चौथे दिन भी भूख हड़ताल की। इसी वजह से अदालतों में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। हड़ताल के कारण अदालतों में लंबित केसों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। पंजाब, हरियाणा बार एसोसिएशन के निर्देश पर वकील हड़ताल पर हैं। वकीलों ने फिर नई व्यवस्था के खिलाफ जमकर रोष जताया और भूख हड़ताल जारी रखी। इस हड़ताल के कारण अदालतों में लंबित केसों का अंबार लग रहा है। बताया जा रहा है कि 26 अदालतों में तीन हजार के आसपास केस लंबित हो गए हैं। हड़ताल के कारण नए वकीलों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वकीलों से जुड़े टाईपिस्ट भी हड़ताल की वजह से बेहाल हैं। वीरवार को भी छह वकील भूख हड़ताल पर बैठे। हड़ताली वकीलों का कहना है कि नई व्यवस्था से न केवल कानून और न्याय प्रणाली में खामियां आ रही हैं बल्कि वकीलों के सामने भी रोजी रोटी की चुनौती खड़ी हो रही है। उन्होंने कहा कि वे भी चाहते हैं कि जरुरतमंदों को निशुल्क कानूनी सहायता मिले लेकिन इसके लिए व्यवस्था बननी चाहिए। जिस तरह नई व्यवस्था में चुनिंदा सरकारी वकीलों की नियुक्ति हो रही है उससे तो साफ जाहिर है कि आने वाले दिनों में नए वकीलों को तो काम नहीं मिलेगा। जिनके पास काम है उनका काम भी खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नए सिस्टम में पारदर्शिता नहीं है। उधर अदालतों में हड़ताल की वजह से जेलों में बंद आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर भी निरंतर सुनवाई टल रही है। ऐसे में उनकी रिहाई भी लंबित होना लाजिमी है। ऐसे में जेलों पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। लोगों को जमानत कराने के लिए वकील नहीं मिल रहे हैं। लोग अदालतों के चक्कर खाकर थक चुके हैं। वकीलों का कहना है कि स्वतंत्र वकालत ही न्याय प्रणाली की नींव है। यदि शिकायतकर्ता, पुलिस और बचाव पक्ष तीनों स्तरों पर सरकार की ही भूमिका होगी तो पीड़ित को निष्पक्ष न्याय मिलना असंभव है।

## भाविप ने पौधरोपण कर विद्यार्थियों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- छात्रों को पौधारोपण करने के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मेगा प्लांटेशन ड्राइव के तहत राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर में भारत विकास परिषद, गीता गोपाल शाखा के सहयोग से पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर स्थित इको क्लब को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से 15 छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना रहा। संरक्षक सतीश चावला ने कहा कि आज के समय में पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें। विद्यालय इंचार्ज जसविंदर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा की भावना विकसित करते है।



अंबाला। पौधों के साथ स्कूली छात्र व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### समाधान शिविर में लोगों ने रखी समस्याएं

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याओं पर समाधान के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण करना है। शिविर के दौरान नारायणगढ़ के वार्ड नंबर 3 की नीलू कुमारी ने बीपीएल राशन कार्ड कटने की समस्या रखी। गांव बख्तुआ के सौदागर ने परिवार पहचान पत्र में त्रुटि के कारण बीपीएल राशन कार्ड कटने की शिकायत की। गांव उपलाना के मोहन लाल ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सब्सिडी का लाभ दिलाने की मांग की।

## विशेष समारोह में 7 सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को दी विदाई

- सम्मान समारोह में सेवानिवृत अधिकारियों को दिए स्मृति चिह्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर स्थित पुलिस द्वारा वीरवार को ऑफिसर इंस्टीट्यूट में एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विभाग में अपनी जीवन यात्रा के सुनहरे वर्ष समर्पित कर सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों की कर्तव्यनिष्ठा, साहस के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। समारोह में उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह और उप पुलिस अधीक्षक जितेश जिंदल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस परिवार से सेवानिवृत्त हो रहे 7 सदस्यों निरीक्षक जरनैल सिंह, निरीक्षक अनिल कुमार, निरीक्षक विरेंद्र सिंह, निरीक्षक नौशाद खान, निरीक्षक मोहन लाल, उप-निरीक्षक विजय कुमार, उप-निरीक्षक देवेंद्र कुमार शामिल रहे। उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह ने सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के स्वस्थ जीवन, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और सेवा का एक अटूट संकल्प है। इन 7 अधिकारियों ने अपने पूरे सेवाकाल के दौरान बेहद कठिन परिस्थितियों में भी निष्ठा और ईमानदारी की मिसाल पेश की है।



अंबाला। विभाग से रिटायर हुए पुलिस अधिकारी फोटो : हरिभूमि



### कविता सुनाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरा रंग

**बराड़ा।** शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, भाषा कौशल और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कविता सुनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शैम प्रैप जूनियर के बच्चों ने रंग-बिरंगे आकर्षक प्रॉप्स के साथ मंच पर अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भावपूर्ण अंदाज में कविताओं का पाठ किया। उनकी मासूम अभिव्यक्ति, स्पष्ट उच्चारण और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति ने अभिभावकों व शिक्षकों की खूब सराहना बटोरी। विद्यालय परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। प्रतियोगिता में अद्विका शर्मा और हिमांशी राणा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। रौनक शर्मा और ओजस्वी द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अमायरा कौर, मानवी बिजलिया और विराज सिंह ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। अनाया शर्मा, क्रिधा मेहता, हरवित सैनी, रोबी दत्ता, निरवैर सिंह, गुरुवंश दुहन, लाव्या तथा ईशान कुमार को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत, सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

## बढ़ता प्रदूषण, घटती हरियाली इंसानी जीवन के लिए बनी चुनौती : गोयल

- विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वीरवार को राजकीय उच्च विद्यालय, गांव नन्यौला में हार्दिक दीवान फाउंडेशन द्वारा ग्रीनीफाइड इंडिया सीड बॉम अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने शिरकत की और पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की तथा विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और लगातार घटती हरियाली पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, हार्दिक दीवान, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, मंडल अध्यक्ष गुरजंट सिंह व शिक्षक मौजूद रहे।



अंबाला। बच्चों के साथ सेल्फी लेते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि



### भारत में 101 मिलियन वयस्क डायबिटीज, जबकि 136 मिलियन प्री-डायबिटिक से पीड़ित : डॉ. अमित

**अंबाला।** पार्क अस्पताल मोहाली के बैरियाट्रिक एंड मेटाबोलिक सर्जरी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. अमित गर्ग और एंडोक्राइनोलॉजी के सीनियर कंसलटेंट डॉ. नीरज गर्ग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टाइप 2 डायबिटीज को लंबे समय के लिए दूर रखने (रिमिशन) में मेटाबोलिक सर्जरी की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित गर्ग ने कहा, भारत में टाइप 2 डायबिटीज के मामलों में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। वर्तमान अनुमानों के अनुसार, 10.1 करोड़ से अधिक भारतीय डायबिटीज के साथ जी रहे हैं, जबकि अन्य 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटिक हैं। डायबिटीज हर साल लाखों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराने का कारण बनती है और समय से पहले होने वाली मृत्यु व विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है।डॉ. नीरज गर्ग ने इस बात पर जोर दिया कि चार में से एक से अधिक भारतीय वयस्क या तो डायबिटिक हैं या प्री-डायबिटिक हैं। डॉ. गर्ग ने आगे कहा कि यह बीमारी दिल का दौरा, स्ट्रोक, डायलिसिस की आवश्यकता वाले किडनी खराब होने, डायबिटिक रेटिनोपैथी, जिससे अंधापन हो सकता है, नर्व डैमेज, डायबिटिक फुट अल्सर, अंग काटने, फैटी लीवर, इरेक्टाइल डिसफंक्शन, बार-बार होने वाले संक्रमण, घावों के देर से भरने और उम्र घटने के जोखिम को काफी हद तक बढ़ा देती है।

### सेंट जॉन्स स्कूल में मनाया विश्व बाघ दिवस उत्साहपूर्वक, वन्यजीव संरक्षण का लिया संकल्प

**अंबाला।** सेंट जॉन्स स्कूल (को-एड), खरड़ में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस बड़े उत्साह और वन्यजीव संरक्षण के प्रति दृढ़ संकल्प के साथ मनाया गया। इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाघों के संरक्षण, जैव विविधता के महत्व तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना से अवगत कराना था।कार्यक्रम में डॉ. संतोष कुमार साहू, अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कंजर्वेशन हिमालयाज, तथा डॉ. अरुणा कुमारी नेगी, अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञ, कंजर्वेशन हिमालयाज, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट की दी जानकारी

**नारायणगढ़।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशानुसार तथा उपमंडल विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में जारी ड्यूटी रोस्टर के अनुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, काठेमाजरा में पॉक्सो अधिनियम, 2012 के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता अंकुर पासी एवं पैनल लीगल वॉलंटियर रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को कानून एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की मुख्याध्यापिका कविता रानी ने की। शिविर में अध्यापक-अध्यापिकाओं तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## 2006 में शुरू किया था सफर, 14 नेशनल मेडल किए नाम

# ग्लासगो में पदक से चूकी मनप्रीत, चौथे स्थान पर रही

शॉटपुट में देश का प्रतिनिधित्व कर रही है अंबाला की बेटी, आखिरी प्रयास में हुई चूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स के शॉटपुट (गोला फेंक) फाइनल में देश का प्रतिनिधित्व कर रही अंबाला शहर की बेटी मनप्रीत पदक से चूक गईं। बुधवार रात 12:30 बजे जब वह मैदान में उतरीं तो उनके चेहरे पर गजब का आत्मविश्वास झलक रहा था। उन्होंने शानदार शुरुआत भी की, लेकिन आखिरी प्रयास में हुई एक छोटी सी चूक ने उनसे मेडल छीन लिया। वह चौथे स्थान पर ही जगह बना सकीं। आखिरी प्रयास के दौरान मनप्रीत के हाथ से गोले की पकड़ छूट गई जिसके कारण वह निर्धारित मीटर की दूरी प्राप्त नहीं कर सकीं। दुनिया भर की 12 बेहतरीन महिला खिलाड़ियों के बीच मुकाबला बेहद कड़ा था। प्रतियोगिता के शेड्यूलिंग में बदलाव और क्वालिफाइंग राउंड रद्द होने के कारण मनप्रीत को सीधे फाइनल में उतरने का मौका मिला था। बता दें कि अंबाला शहर के जसमीत नगर की रहने वाली मनप्रीत ने साल 2006 में शॉटपुट का सफर शुरू किया था। वह अब तक 14 नेशनल मेडल जीत चुकी हैं और दो बार नेशनल रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज करवा चुकी हैं। वेटलिफ्टिंग बैकग्राउंड होने और 145 किलोग्राम तक बेंच प्रेस मारने की क्षमता के कारण मनप्रीत एक मजबूत पॉवर थ्रोअर है। हालांकि इस बार वह अपना दूसरा कॉमनवेल्थ खेलते हुए पदक से जरूर चूक गईं लेकिन विश्व स्तर पर उनके शानदार संघर्ष और प्रदर्शन ने पूरे देश का दिल जीत लिया। शहरवासियों ने मनप्रीत का मनोबल बढ़ाने के लिए उनके मुकाबले को रात करीब साढ़े बारह बजे तक देख रहे है। मैच हारने के बाद शहरवासियों में काफी निरासा है।



अंबाला। कॉमनवेल्थ गेम्स में गोला फेंकती मनप्रीत।